कोटद्वार, बुधवार
8 नवम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 190 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## छत्तीसगढ़ में पहले चरण की 20 सीटों पर मतदान खत्म, पांच बजे तक 70.87% हुई वोटिंग

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण में शाम पांच बजे तक सबसे अधिक मतदान खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में हुआ, यहां 76.31% लोगों ने मतदान किया। सबसे कम मतदान प्रतिशत बीजापुर जिले का रहा। यहां 40.98% मतदाताओं ने मतदान किया। निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, अगर जिलावार मतदान प्रतिशत पर गौर करें तो तीन बजे तक सबसे ज्यादा वोटिंग मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में हुई, यहां 73 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। इसके अलावा सबसे कम मतदान तीन बजे तक बीजापुर जिले में हुआ। यहां करीब 30 फीसदी मतदाताओं ने ही मतदान किया। बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के संवेदनशील गांव चिहका पोलिंग बूथ पर मतदान करने आये ग्रामीण वोटिंग के बाद उंगलियों पर अमिट स्याही नहीं लगवा रहे। अबूझमाड़ से सटे भैरमगढ़ ब्लॉक के चिह्का गांव का यह मामला है। यहां नक्सलियों के खौफ के चलते ग्रामीण ऐसा कर रहे है, हालांकि उनसे बातचीत का प्रयास किया गया पर वो कैमरे पर कुछ भी कहने को तैयार नहीं हैं। वहीं दूसरा मामला चिह्का पोलिंग बूथ का है, जहां नक्सली बॉयकाट के बाद भी अंदरुनी इलाके में ग्रामीण अपने–अपने साधनों से पहुंच रहे, यहां तक की सात से आठ किमी पैदल चलकर भी वोट डालने आ रहे।

## लोकसभा की आचार–समिति की बैठक से पहले मोइत्रा–दुबे में नोकझोंक, टीएमसी सांसद ने लगाया यह आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता महुआ मोइत्रा ने मंगलवार को दावा किया कि लोकसभा की आचार समिति की बैठक कांग्रेस के एक सदस्य को कार्यवाही से दूर रखने और रिपोर्ट को बहुमत से स्वीकार करने के लिए स्थगित की गई है। इस पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली लोकसभा की आचार समिति की मंगलवार को बैठक होनी थी, जिसमें मोइत्रा के खिलाफ 'सवाल के बदले नकदी' के आरोपों पर मसौदा रिपोर्ट पर विचार किया जाना था। बैठक अब नौ नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है।मोइत्रा ने दावा किया कि समिति की कोई मसौदा रिपोर्ट सदस्यों को वितरित नहीं की गई और भाजपा नेता बहुमत से रिपोर्ट को स्वीकार करने के लिए अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सहयोगियों से संपर्क कर रहे हैं। वहीं, दुबे ने तृणमूल सांसद पर निशाना साधते हुए कहा कि यह उनका दोषी विवेक है जो उन्हें संसदीय समिति की कार्यवाही के बारे में चिंतित कर रहा है।

# तेलंगाना में बीजेपी का पहला मुख्यमंत्री पिछड़े वर्ग से होगाः मोदी

**हैदराबाद , एजेंसी।** तेलंगाना के आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को हैदराबाद के एलबी स्टेडियम में 'बीसी आत्मगौरव सभा' संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से भाजपा का पहला मुख्यमंत्री पिछड़ी जाति (बीसी) का यहीं से बनेगा।



प्रधानमंत्री मोदी और जन सेना पार्टी के अध्यक्ष और अभिनेता पवन कल्याण हैदराबाद में एक सार्वजनिक रैली में शामिल हुए। यहां आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस मैदान का मेरे जीवन में बहुत बड़ा स्थान है। 2013 में आप सबने मुझे इसी मैदान में बुलाया था। आपने टिकट रखा था कि जो मोदी जी की सभा में आना चाहता है उसे टिकट खरीदना पड़ेगा। इसकी खबर पूरे विश्व में फैल गई थी। इसी मैदान में मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की पक्की नींव रखने का काम हुआ। इस मैदान के आशीर्वाद ने मोदी को प्रधानमंत्री बना दिया और इसी मैदान के आशीर्वाद से भाजपा का पहला मुख्यमंत्री बैकवर्ड मुख्यमंत्री यहीं से बनेगा।

उन्होंने आगे बीआरएस पर निशाना साधते हुए कहा कि अहंकार किसी का भी हो उसे टिकने नहीं देता है। बीआरएस के नेताओं में भी वही अहंकार दिखता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में तेलंगाना के लोगों ने ऐसे अहंकारी सीएम को अपने वोट की ताकत से जवाब दिया था। इसी बौखलाहट में यहां के नेता मोदी को गाली देते रहते हैं। बीआरएस के भ्रष्टाचार के तार दिल्ली के शराब गोटाले से भी जुड़े हुए हैं। आज मैं ऐसे लोगों को डंके की चोट पर कहना चाहता हूं भ्रष्टाचार के खिलाफ का-र्रवाई होके रहेगी, जिन्होंने जनता को लूटा है उन्हें लौटाना ही पड़ेगा।

उन्होंने कहा, ये एनडीए है, बीजेपी है, जो ओबीसी हितों का सबसे ज्यादा ध्यान रखती है, उन्हें सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व देती है। केंद्र की एनडीए सरकार में 27 ओबीसी मंत्री हैं, जो आजादी के बाद सबसे ज्यादा हैं।

आज देश में बीजेपी के 85 ओबीसी सांसद हैं। आज देश में बीजेपी के 365 ओबीसी विधानसभा सदस्य हैं। आज देश में बीजेपी के 65 ओबीसी विधान परिषद सदस्य हैं।

पीएम मोदी ने कहा, हमारे कुम्हार हों, सुनार हों, सुथार हों, मूर्तिकार हों, कपड़े धोने वाले हों, कपड़े सिलने वाले हों, जूते बनाने वाले हों, बाल काटने वाले हों, ऐसे बहुत से साथी बीसी (पिछड़ी जाति) समुदाय से ही आते हैं। ऐसे लोगों के लिए ही भाजपा सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना बनाई है। इस योजना के तहत हमारे विश्वकर्मा भाइयों–बहनों पर 13 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इससे उन्हें अपना जीवन स्तर उठाने में, अपने जीवन से अन्य परेशानियां दूर करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, तेलंगाना के लोगों को पानी, पैसा और रोजगार के मुद्दों पर जनविरोधी सरकार द्वारा धोखा दिया गया है! हमारे बीसी भाइयों और बहनों ने अलग तेलंगाना राज्य के आंदोलन में बहुत बड़ी भूमिका निभाई; वे इस उद्देश्य के लिए सबसे आगे थे, यहां तक कि उसी के लिए अपने जीवन का बलिदान भी दिया। लेकिन तेलंगाना बनने के बाद यहां की सरकार ने सबसे बड़ा धोखा हमारे बीसी वालों के साथ ही किया! तेलंगाना में बीआरएस अपने परिवार के हितों की सेवा में व्यस्त रही, और हमारे बीसी के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने की कभी परवाह नहीं की।

## भारत ने किया प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण

### 500 किमी रेंज तक कर देगी दुश्मन का सफाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने मंगलवार को कम दूरी की सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल (एसआरबीएम) 'प्रलय' का सफल परीक्षण किया। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित, मिसाइल की मारक क्षमता 350–500 किलोमीटर है और इसकी भार क्षमता 500–1,000 किलोग्राम है। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षण सुबह करीब 09.50 बजे ओडिशा तट के पास अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया और सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। उन्होंने बताया कि ट्रैकिंग उपकरणों की एक बैटरी ने समुद्र तट के साथ इसके प्रक्षेप पथ की निगरानी की।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उत्तराखण्ड के तीन दिवसीय भ्रमण पर पहुंची, राज्यपाल ने किया स्वागत



**देहरादून ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उत्तराखण्ड के तीन दिवसीय भ्रमण पर पंतनगर एयरपोर्ट उधमसिंह नगर पहुंची।

इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, सैनिक कल्याण मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, डीआईजी कुमाऊं डॉ. योगेंद्र रावत, एडीजीपी पीवीके प्रसाद, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मेयर रामपाल उधमसिंह नगर, विधायक अरविंद पांडे, राम सिंह खेड़ा, शिव अरोड़ा, मोहन बिष्ट भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट के अलावा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर राष्ट्रपति जी का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## सीएम धामी ने सिद्धिविनायक मंदिर में किए दर्शन, पूजा कर लिया बप्पा का आशीर्वाद



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए निवेश जुटाने को मुंबई के दौरे पर हैं। मंगलवार को उन्होंने श्री सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणपति के दर्शन कर पूजा–अर्चना की और बप्पा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि व एवं प्रदेश की उन्नति के लिए प्रार्थना की। इससे पहले सुबह वह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने बीच किनारे योग और सूर्य नमस्कार किया। वहीं, वहां वॉक के लिए आए लोगों से मुलाकात भी की।

## दिल्ली प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 'जानलेवा' प्रदूषण के मद्देनजर मंगलवार को पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सरकारों को पराली जलाने पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की पीठ ने संबंधित सरकारों से कहा कि उसे या तो बलपूर्वक कार्रवाई करके या प्रोत्साहन के जरिए पराली जलाने से रोकना होगा। पीठ ने पराली जलाने पर रोक के अमल के लिए स्थानीय थाना प्रमुख को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और मुख्य सचिव की निगरानी में निर्देश को लागू करने के लिए जिम्मेदार बनाया।

# अवैध शराब की बिक्री पर चलाया चेकिंग अभियान



नई टिहरी।एसडीएम घनसाली के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने घनसाली–चमियाला–विनयखाल मोटर मार्ग पर रात्रि के समय सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान अवैध शराब का परिवहन, अवैध खनन का परिवहन, मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन आदि मामलों को विशेष रूप से चेक किया गया। चमियाला एवं विनकखाल क्षेत्र में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन की शिकायत के बाद एसडीएम शैलेंद्र सिंह नेगी ने घनसाली–विनयखाल मोटरमार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कमर्शियल एवं प्राइवेट वाहनों की जांच करते हुए दो वाहर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत नियम विरुद्ध संचालित होते हुए पाए गए। टीम ने वाहन चालकों के पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न होने पर उन्हें कब्जे में ले लिया। अवैध शराब एवं अवैध खनन का कोई भी प्रकरण नहीं पकड़ा गया। इसके साथ ही टीम ने चमियाला बाजार में होटल, रेस्टोरेंट आदि में भी निरीक्षण एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान सभी होटल स्वामी एवं रेस्टोरेंट मालिकों को अपने प्रतिष्ठानों में शराब का सेवन न किया जाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत एसडीएम ने अंग्रेजी शराब की दुकान में ओवररेट भी जांच की। जिसमें दुकान के सभी दरवाजों पर लगे सीसीटीवी तथा बिलिंग मशीन काम करती हुई नहीं पाई गई। जिस पर एसडीएम ने सेल्समैन को नियमानुसार ही शराब बिक्री किए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार बालगंगा रमेश प्रसाद बहुगुणा सहित पुलिस चौकी चमियाला तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवा तीर्थपुरोहितों ने राहुल गांधी के आश्वासन का किया स्वागत

नई टिहरी।श्री बदरीश युवा पुरोहित संगठन ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा केदारनाथ यात्रा के दौरान तीर्थपुरोहितों को उनके हक हकूक व मास्टर प्लान से आ रही मुश्किलों को उचित फोरम में उठाने का आश्वासन दिये जाने का स्वागत किया है। युवा पुरोहित संगठन अध्यक्ष श्रीकांत बडोला व सचिव गौरव पंचभैया के अनुसार, राहुल गांधी द्वारा केदारनाथ में तीर्थ पुरोहितों से एक घण्टे बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना गया। जिसमें मास्टर प्लान के तहत तीर्थ पुरोहितों के सुरक्षित घरों को तोड़े जाने, उनके पारंपरिक हक हकूक से हस्तक्षेप किये जाने आदि की बात शामिल थी।

युवा पुरोहित संगठन के अनुसार वहीं बदरीनाथ धाम में तीर्थ पुरोहित समाज को मास्टर प्लान के नाम पर उनके पुश्तैनी निवासों से विस्थापित किये जाने, उनके हक हकूकों की उपेक्षा किये जाने पर मोदी सरकार कुछ सुनने को तैयार नहीं है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बदरीनाथ धाम में रात्रि विश्राम किये जाने के बाबजूद तीर्थपुरोहितों को भेंट करने तक का समय नहीं दिया गया।

श्री बदरीश पंडा पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मुकेश प्रयागवाल ने राहुल गांधी की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि, देवप्रयाग तीर्थपुरोहित समाज उनसे बदरीनाथ धाम में भी भ्रमण का न्यौता देगा।

# सर्विस सेक्टर पॉलिसी को लेकर उठाए सवाल, रद्द करने की मांग

देहरादून। विपक्षी दलों और जनसंगठनों की ओर से मंगलवार को जिलाधिकारी सोनिका के माध्यम से सीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने सर्विस सेक्टर पॉलिसी को सवाल उठाते हुए इसे रद्द करने की मांग उठाई। सरकार पर राज्य की जमीन और जनता का पैसा कॉर्पोरेट घरानों देने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि देहरादून, अल्मोड़ा, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, पिथौरागढ़, रामनगर और अन्य शहरों में सरकार की सर्विस सेक्टर पॉलिसी जन विरोधी है। विपक्षी दलों में कांग्रेस पार्टी, सीपीआईएम, समाजवादी पार्टी और जन संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि 12 सितंबर को राज्य मंत्रिमंडल ने उत्तराखंड सर्विस सेक्टर पॉलिसी को मंजूरी दी। जिसके तहत सरकारी जमीन 99 साल की लीज पर सस्ते रेट पर पूंजीपतियों को दी जाएगी। अगर कोई कंपनी जमीन नहीं लेती है तो उस सूरत में उनको परियोजना के खर्चों पर 20 से 40 प्रतिशत तक सरकारी सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार ने सख्त भू कानून लाने का आश्वासन दिया था, लेकिन इस नई पॉलिसी में साफ कहा जा रहा है कि राज्य की जमीन बाहर के पूंजीपतियों को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत सैकड़ों परिवारों को अपनी दुकानों और घरों से बेदखल किया जा चुका है। लेकिन अब दोहरा मापदंड अपनाते हुए सरकार खुद सरकारी जमीन निजी कंपनियों को देने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा कहा कि सरकार अपनी आर्थिक स्थिति को इतना कमजोर दिखा रही है कि अधिकांश सरकारी विभागों में सालों से भर्ती नहीं हुई है। मनरेगा के अंतर्गत अधिकांश लोगों को आज तक 40 दिन से कम ही काम मिल रहा है। ऐसे में उन्होंने सवाल उठाया कि अगर वाकई स्थिति ऐसी है तो सरकार निजी कंपनियों को अरबों की सब्सिडी देने में सक्षम कैसे है। ज्ञापन के माध्यम से सभी ने सर्विस सेक्टर पॉलिसी को करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से समर भंडारी, राज्य अध्यक्ष आल इंडिया किसान सभा सुरेंद्र सिंह सजवाण, उत्तराखंड महिला मंच से कमला पंत, चेतना आंदोलन से शंकर गोपाल, विनोद बडोनी, राजेंद्र शाह, मुकेश उनियाल, सवीदय मंडल उत्तराखंड से एडवोकेट हरबीर सिंह कुश्वाहा, पूर्व महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मोहम्मद मंसूरी आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### मंगलेश डंगवाल बने वन विभाग के भागीरथी सर्किल के ब्रांड एंबेसडर

देहरादून। लोकगायक मंगलेश डंगवाल को वन विभाग ने भागीरथी सर्किल का अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। लोकसंस्कृति के प्रचार–प्रसार के साथ वन विभाग में लंबी सेवाओं के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। इसका ऐलान टिहरी में आयोजित भागीरथी स्पोर्ट्स एवं कल्चरल फेस्ट में किया गया। लोकगायक मंगलेश डंगवाल की तीन पीढ़ियां वन विभाग में अपनी सेवाएं देती आई हैं। वन विभाग से उनके रिश्तों, गीत और संगीत के जरिए समाज में वन एवं पर्यावरण को लेकर जागरूकता के साथ ही वन्य जीव संरक्षण को लेकर पिछले 23 वर्षों से विभिन्न मंचों से अपनी बात रखते आ रहे मंगलेश डंगवाल को वन विभाग ने यह सम्मान दिया है। उन्हें भागीरथी सर्किल का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करते हुए वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि लोगों की बात को लोकभाषा में रखने और संस्कृति के साथ ही हमारे जंगल और वन्य जीव को लेकर मंगलेश डंगवाल के प्रयास सराहनीय है। उनकी सेवाओं से वन विभाग को अपनी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में सहयोग मिलेगा।

### साइबर ठगों ने तीन लोगों से ठग लिए 94 लाख रुपये

देहरादून। साइबर ठगों ने तीनों लोगों को 94 लाख रुपये का चूना लगा दिया। तीनों पीड़ितों ने साइबर थाने में तहरीर दी। वहां केस दर्ज कर साइबर एक्सपर्ट टीम ने जांच शुरू कर दी है। सीओ साइबर थाना अंकुश मिश्रा ने बताया कि एक व्यक्ति ने शिकायत दी। बताया कि उन्हें व्हाट्सएप पर ऑनलाइन कमाई का मैसेज मिला। उन्होंने मैसेज में रुचि दिखाई तो होटल की ऑनलाइन रेटिंग कर 50 रुपये प्रति रेटिंग कमाई का झांसा दिया। इस दौरान कुछ रिटर्न दिया। इसे बाद पीड़ित को इनवेस्टमेंट टास्क दिए गए। झांसे में पीड़ित ने 40 लाख रुपये जमा करवा लिए गए। एक अन्य व्यक्ति ने शिकायत की कि इसी तरह पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देकर उससे 34.08 लाख रुपये ठगे गए। एक अन्य व्यक्ति को ऑनलाइन कमाई का झांसा देकर साइबर ठगों ने बीस लाख रुपये ठग लिए। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि साइबर ठग हर रोज तीन से आठ हजार रुपये कमाई के मैसेज लोगों के भेजते हैं। शुरू में कुछ रुपये देते हैं। इसके बाद मोटी कमाई का झांसा देकर लाखों रुपये ठग लेते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी होने पर तत्काल इसकी शिकायत 1930 हेल्पलाइन पर दर्ज कराएं।

# साइकिल रेस में अंशुमन और रिया रहे अव्वल



ऋषिकेश। एनडीएस में तीन दिवसीय अंतरसदनीय क्रीड़ा महोत्सव के दूसरे दिन कई स्पर्धाएं हुईं। साइकिल रेस बालक वर्ग में अंशुमन और बालिका वर्ग में रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंगलवार को निर्मल आश्रम दीप माला पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव के दूसरे दिन ट्रैक एवं मैदानी प्रतिस्पर्धाएं हुईं। 800 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अंबर, आयुष राणा और आदित्य सजवाण एवं बालिका वर्ग में कृतिका, शैलजा और श्रेया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 110 मीटर बाधा दौड़ में आशीष, प्रियांशु राणा एवं अमृत सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैदानी खेलों में ऊंची कूद बालक वर्ग में विकास, निखिल, आशीष रावत एवं बालिका वर्ग में प्राची, जसलीन, जाह्नवी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में अभिनव, अनुभव एवं समर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद ग्रुप ए के बालिका वर्ग में अनुष्का, प्राची, जाह्नवी एवं बालक वर्ग में निखिल, अश्विन एवं सक्षम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता के बालक वर्ग में आदित्य राणा, श्रेयस व रुद्राक्ष, बालिका वर्ग में अक्षिता, प्रियांशी व आकांक्षा क्रमशः पहले तीन स्थानों पर रहे। 400 मीटर रिले रेस के बालक वर्ग में नचिकेता, ध्रुव एवं अभिमन्यु तथा बालिका वर्ग में नचिकेता, ध्रुव तथा अभिमन्यु सदन ने क्रमशः पहले तीन स्थान हासिल किए। साइकिल रेस बालक वर्ग में अंशुमन, आयुष राणा एवं आदित्य, बालिका वर्ग में रिया, जानवी और रिद्धि ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की शैक्षिक सलाहकार रेणु सूरी ने दूसरे दिन के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

### राशिसं ने किया शैक्षिक सत्याग्रह शुरू

देहरादून। राजकीय शिक्षक संघ ने मंगलवार से अपना शैक्षिक सत्याग्रह शुरू कर दिया। शिक्षक केवल स्कूल में पढ़ाई कराएंगे। बीएलओ ड्यूटी. विभागीय प्रशिक्षण, कार्यशाला, खेल महाकुंभ, बाल गणना एवं अन्य विभागों के कार्य करने से शिक्षकों ने इंकार कर दिया। मंगलवार को संघ अध्यक्ष राम सिंह चौहान और महामंत्री रमेश चंद्र पैन्यूली ने सभी निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। जो भी शिक्षक उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। चौहान ने कहा कि 17 नवंबर से हर हालत में शिक्षक प्रभारी प्रधानाचार्य का चार्ज छोड़ देंगे। बोर्ड रिजल्ट खराब होने पर उच्च अधिकारियों ने शिक्षकों के खिलाफ काफी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई की हैं। इसलिए अब शिक्षक केवल पढ़ाने का काम ही करेंगे। यदि पढ़ाई के अलावा किसी अन्य कार्य के लिये किसी भी स्तर के शिक्षा अधिकारी के द्वारा शिक्षकों पर दबाव बनाया गया तो उस अधिकारी के खिलाफ नामजद मुकदमे कराए जाएंगे। दीवाली के बाद सभी शिक्षक पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपनी भावनाओं से वाकिफ कराने के लिए पोस्टकार्ड अभियान छेड़ेंगे।

## कर्णप्रयाग में एबीवीपी सभी पदों पर हारी, एनएसयूआई के प्रीतम बने अध्यक्ष

चमोली।डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित छात्र संघ चुनावों में मंगलवार अपराह्न परिणाम जारी हुए। जिसमें एनएसयूआई के अधिकृत प्रत्याशियों ने सभी पदों पर जीत दर्ज की। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सभी प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। जिसके बाद विजयी प्रत्याशियों ने महाविद्यालय परिसर से बाजार तक विजयी जुलूस निकाला। महाविद्यालय चुनाव समिति द्वारा जारी परिणामों में अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के प्रीतम सिंह 603 मत मिले। जबकि एबीवीपी की प्रतिभा को 205 मत मिले। वहीं उपाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई की सलोनी को 490 और एबीवीपी की महक बिष्ट को 271 वोट मिले। महासचिव पद पर एनएसयूआई के राहुल कुमार घुनियाल को 550 और एबीवीपी के तुषार रस्तोगी को 250 मत मिले। जबकि सहसचिव पद पर एनएसयूआई के प्रमोद सिंह को 423 और एबीवीपी के यश खंडूड़ी 344 वोट मिले। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई की संतोषी और यूआर पद पर आयुष नेगी निर्विरोध चुने गए। महाविद्यालय के मुख्य चुनाव अधिकारी डा. रमेश भट्ट ने बताया कि मंगलवार को शांतिपूर्ण मतदान के बाद परिणाम जारी किए गए।

# नैनबाग में अध्यक्ष पद पर आरजेजे और यूआर पर एबीवीपी की जीत



नई टिहरी।राजकीय महाविद्यालय नैनबाग में छात्र संघ चुनाव में सभी पदों पर एक–एक प्रत्याशियों के नामांकन होने से सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमिता श्रीवास्तव ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। महाविद्यालय के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. ब्रिश कुमार ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव के लिए सभी पदों पर एक–एक नामांकन किया गया। जिसमें रवांई जौनपुर, जौनसार संगठन की ओर से अध्यक्ष पद के लिए आकाश चौहान, उपाध्यक्ष आरती रावत, सचिव सविता रावत तथा कोषाध्यक्ष सुहानी का नामांकन कराया।

जबकि एबीवीपी संगठन की ओर से सह सचिव पद पर हरीश कुमार तथा विवि प्रतिनिधि पर आकाश अग्रवाल ने नामांकन कराया। दोनों संगठनों की आपसी सहमति से एक–एक प्रत्याशी का नामांकन पत्र दाखिल होने से सभी पदों पर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित होने जा रहे हैं। रवांई जौनपुर जौनसार के संस्थापक उपेंद्र पंवार ने कहा कि संगठन का दसवां अध्यक्ष बना है।

सभी निर्वाचित प्रत्याशियों ने जीत के बाद विजयी जुलूस निकाला। मौके पर पार्टी अध्यक्ष व पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गोविंद दास, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष महेश तोमर, नरेंद्र पवार, अजीत रावत, संजय रावत, सुनील नेगी आदि मौजूद रहे।

# राजकीय स्नातक महाविद्यालय कोटद्वार में अभिषेक बने छात्रसंघ अध्यक्ष, भाबर में अभाविप जीता



कोटद्वार महाविद्यालय में विजेता प्रत्याशियों का स्वागत करती प्राचार्या जानकी पंवार



भाबर महाविद्यालय में जीत हासिल करने वाले प्रत्याशी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार के छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर वंदे मातरम छात्र संगठन के अभिषेक अग्रवाल ने जीत हासिल की है।

दूसरे नंबर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयुष त्रिपाठी व तीसरे नंबर पर एनएसयूआई के मंदीप रहे। इस दौरान विजयी उम्मीदवारों ने जुलूस निकालकर अपनी खुशी का इजहार किया।

मंगलवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में 1138 विद्यार्थियों ने मतदान किया। जिसमें अध्यक्ष पद पर अभिषेक अग्रवाल को 496 मतों के साथ जीत हासिल की। दूसरे नंबर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आयुष त्रिपाठी को 376 व तीसरे नंबर पर एनएसयूआई के मंदीप को 215 मत मिले।

उपाध्यक्ष पद पर दीक्षा ठाकुर 607 मत से विजयी रही। महासचिव पद पर 327 मतों के साथ रोहित प्रजापति विजयी रहा। सह सचिव पद पर 462 मत के साथ दीपक विजयी रहा। कोषाध्यक्ष पद पर स्वाती गैरोला 496 विजयी रही। विश्व विद्यालय प्रतिनिधि पद पर खुशी कंडलवा 473 मत लेकर विजयी रही।

## कुछ 1138 छात्रों ने किया मतदान

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में पंजीकृत तीन हजार 3465 वोटरों में से केवल 1138 ने ही मतदान किया। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सुबह से ही महाविद्यालय परिषद में पुलिस, प्रशासन व महविद्यालय की अलग-अलग टीमें तैनात की गई थी। पहचान पत्र दिखाने के बाद ही विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश करने की इजाजत थी। दोपहर तक मतदान के बाद मतगणना शुरू की गई। शाम करीब पांच बजे परिणाम जारी किया गया।

## भाबर में अभाविप का दबदबा

राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में छात्र संघ के सभी पदों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का दबदबा देखने को मिला। शिवम डोबरियाल को 178 मत मिले, जबकि दूसरे नंबर पर रहने वाले अभिषेक सिंह को कुल 124 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर रेशमा, सचिव पद पर सुदीप, सहसचिव पद पर आरुषी केष्टवाल, कोषाध्यक्ष पद पर दीपक चंद्र व विश्व विद्यालय प्रतिनिधि पद पर दिव्यांशी निर्विरोध विजयी रही।



भाबर महाविद्यालय में जीत के बाद विजयी रैली निकालते प्रत्याशी

## अभिनव वेदीखाल और करन उफरैंखाल में बनें निर्विरोध अध्यक्ष

**पौड़ी :** जिले भर के राजकीय महाविद्यालयों में मंगलवार को छात्र संघ चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न हो गए है। राठ महाविद्यालय पैठाणी में छात्र परिषद का गठन हुआ। वहीं राजकीय महाविद्यालय वेदीखाल और उफरैंखाल में छात्र संघ अध्यक्ष निर्विरोध बनें। कुछ कॉलेजों में छात्र संख्या पूरी नहीं होने के कारण छात्र संघ चुनाव नहीं हुए। छात्र परिषद के लिए पुलिस और राजस्व प्रशासन भी कॉलेज में मौजूद रहा। मंगलवार को राठ महाविद्याल पैठाणी में छात्र परिषद का गठन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जीतेंद्र नेगी एवं मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. देवकृष्ण ने बताया कि केवल अध्यक्ष पद पर ही चुनाव हुआ। कॉलेज में 65 डेलीगेट्स है, जिसमें से 54 डेलीगेट्स ने चुनाव में मतदान किया। 11 से 12 बजे तक मतदान हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर 41 डेलीगेट्स का वोट मिलने पर उम्मेद सिंह को निर्वाचित घोषित किया गया। जबकि शिवानी कंडवाल को 11 डेलीगेट्स के वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर अंजली, मंत्री पद पर उज्वल भंडारी, संयुक्त मंत्री पद पर कुलदीप सिंह, सांस्कृतिक मंत्री डौली सेमवाल, उपकोषाध्यक्ष अनिता, यूआर पद पर शुभम खंकरियाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। जबकि परामर्शदाता डॉ. अखिलेश सिंह और कोषाध्यक्ष डॉ. मंजीत भंडारी को मनोनित किया गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। रहे। इस मौके पर पर्यवेक्षक तहसीलदार वाइएन बर्थवाल, डॉ. पीके मिश्रा, डॉ. मनोज कुमार, राम सिंह नेगी व राजकुमार पॉल आदि ने चुनाव संपन्न करवाया।

# गंभीर हाउस बना फुटबॉल और क्रिकेट का चैंपियन

## आईएचएमएस ओलंपियाड खेल प्रतियोगिता का चौथा दिन

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार :** इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से आयोजित ओलंपियाड 2023 क्रीड़ा प्रतियोगिता के चौथे दिन क्रिकेट और फुटबॉल प्रतियोगिताओं के फाइनल मैच आयोजित किए गए। क्रिकेट और फुटबॉल में गंभीर हाउस की टीम चैंपियन रही।

मंगलवार को बालभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर में आयोजित क्रिकेट का फाइनल मैच अर्जुन हाउस और गंभीर हाउस के बीच खेला गया। गंभीर हाउस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। गंभीर हाउस के बल्लेबाज दिवाकर के बेहतरीन 60 रनों के बदौलत टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 104 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अर्जुन हाउस की टीम गंभीर हाउस के गेंदबाजों के सामने अधिक समय तक टिक नहीं सकी। गेंदबाज गौरव की सटीक गेंदबाजी के सामने अर्जुन हाउस के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। गौरव ने एक-एक करके 7 खिलाड़ियों को मैदान से बाहर का रास्ता दिखा दिया। पूरी टीम 94 रन पर ही ऑल आउट हो गई। इस प्रकार फाइनल मैच जीतकर गंभीर हाउस क्रिकेट का चैंपियन बन गया। फुटबॉल का फाइनल मैच गंभीर हाउस और प्रफुल्ल हाउस के बीच खेला गया। शुरुआत में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई। पहले हाफ में प्रफुल हाउस के अक्षत ने गोल कर अपनी टीम को एक गोल की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में गंभीर ने खेल की रणनीति बदलते हुए प्रफुल्ल के गोल पोस्ट पर हमले तेज कर दिए। गंभीर हाउस के खिलाड़ी राजन, ओम बहुगुणा और अभिषेक ने एक के बाद एक तीन गोल कर अपनी टीम को अजय बढ़त दिला दी।



कोटद्वार में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

अंतिम समय तक प्रफुल्ल ने मैच में वापसी का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। इस प्रकार प्रफुल हाउस ने 3-1 से मैच अपने नाम कर प्रतियोगिता की चैंपियन बनी। निर्णायक की भूमिका दिलवर सिंह रावत और टेक चंद ने निभाई।

सपना रौथान, श्रेया चंदोला और अनुज नेगी ने स्कोरर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्थान के एमडी बीएस नेगी , ईडी अजयराज नेगी, डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, प्रतियोगिता समन्वयक पंकज कुकरेती, आदि मौजूद रहे।

# चित्रकला में अनस, कोमल, अनुष्का ने मारी बाजी

**श्रीनगर गढ़वाल :** राजकीय बालिका इंटर कालेज श्रीनगर में उत्तराखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ब्लॉक स्तरीय चित्रकला और निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। तीन वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में विकासखंड खिर्सू के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्राथमिक स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में राप्रावि. श्रीनगर के अनस ने प्रथम, राप्रावि. डांग के सलमान ने द्वितीय और राप्रावि. कोटी की सोनाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध में कोटी के रूद्र ने प्रथम, डांग की वैष्णवी ने द्वितीय और श्रीनगर की अक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता में राबाइंका श्रीनगर की कोमल, निबंध में राबाइंका श्रीनगर की शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सिनियर वर्ग की चित्रकला में राउमावि धारखोला की अनुष्का और निबंध में राबाइंका की अर्पणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर राबाइंका श्रीनगर की प्रभारी प्रधानाचार्या मीना गैरोला ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर किरण रावत, शिवानी, अनूप रौथाण, डॉ. कुसुम काला, दीना कुकसाल, अनीता नेगी ने निर्णायक की भूमिका अदा की। (एजेंसी)

## टेबल टेनिस टूर्नामेंट नौ से

**कोटद्वार :** मिरेकल टेबल टेनिस एकेडमी की ओर से नौ नवंबर से टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए टीटी कोच रुपवंत ठाकुर ने बताया कि तीन दिवसीय टूर्नामेंट शिब्बूनगर स्थित एमकेवीएन इंटरनेशनल स्कूल में होंगे। टूर्नामेंट अंडर-12, अंडर-15, अंडर-18 व ओपन पुरुष व महिला वर्ग के लिए होगा। बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे।

# अल्मोड़ा पुलिस की कार्यवाही में एम्बुलेंस से 32 लाख से अधिक का गांजा बरामद, 1 गिरफ्तार

अल्मोड़ा। भतरौजखान पुलिस ने एक एम्बुलेंस से 32 लाख से अधिक कीमत का गांजा बरामद किया है। एम्बुलेंस से 16 कट्टों में कुल 218.195 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। सीएम के "ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025" को सफल बनाने के लिए एसएसपी अल्मोड़ा रामचन्द्र राजगुरु ने आदेश जारी किए हैं।

आदेश के अनुपालन में सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा व सीओ ऑपरेशन अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई अमल में लाई गई। सोमवार को मोहान बैरियर पर चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक एम्बुलेंस संख्या एमपी17जी 3387 मरचूला की तरफ से आती दिखाई दी।

पुलिस टीम द्वारा उक्त एम्बुलेंस को रोका व मरीज के बारे में पूछा तो चालक द्वारा इमरजेंसी में मरीज को रामनगर ले जाना है बताया गया। एम्बुलेंस की खिड़की के शीशे से अंदर झांककर देखा तो कोई मरीज अंदर नहीं दिखाई दिया। पुलिस टीम को शक होने पर एम्बुलेंस चैक कराने को कहा तो चालक के बगल में बैठा व्यक्ति एम्बुलेंस से उतरकर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।



थानाध्यक्ष भतरौजखान द्वारा एम्बुलेंस चालक को उतारकर एम्बुलेंस को चेक किया गया तो एम्बुलेंस में मरीज की जगह 16 कट्टों में गांजा भरा हुआ बरामद हुआ। पूछताछ में एम्बुलेंस चालक ने अपना नाम रोशन कुमार निवासी स्यून्सी, थलीसैंण, जिला पौड़ी गढ़वाल और साथी का नाम धर्मेन्द्र बताया। एएम्बुलेंस से गांजा बरामद होने पर त्वरित कार्रवाई की गई। अभियुक्त को गिरफ्तार व गांजा तस्करी में प्रयुक्त एम्बुलेंस को सीज करते हुए आरोपियों के विरुद्ध थाना भतरौजखान में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर पंजीकृत किया गया। मामले में थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी द्वारा पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह सचल चिकित्सा वाहन एम्बुलेंस (जो किसी एनजीओ की है) में ड्राईवर का कार्य करता है।

उक्त वाहन से गांव-गांव चिकित्सकों ले जाकर मरीजों को उपचार दिया जाता है। फरार व्यक्ति का नाम धर्मेन्द्र है जो उसके ही गांव का ही रहने वाला है। वह इस वाहन में परिचालक का कार्य करता है। उक्त गांजा सराईखेत में एक व्यक्ति ने दिया था जिसे उन्हें काशीपुर पहुचाना था। जिसके एवज में उन्हें पैसे मिलने थे। पुलिस टीम की चेकिंग के दौरान गिरफ्त में आ गया। विवेचना के दौरान किसी अन्य की संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध भी आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। फरार अभियुक्त धर्मेन्द्र की तलाश जारी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भतरौजखान मदन मोहन जोशी, उपनिरीक्षक राम सिंह, हेड कांस्टेबल आनन्द त्रिपाठी, प्रकाश चन्द्र, योगेश कुमार, संदीप सिंह, कांस्टेबल देवेन्द्र प्रताप शामिल रहे।

## महिला कॉलेज में एबीवीपी का पैनल जीता, प्रीति अध्यक्ष

हल्द्वानी। महिला डिग्री कॉलेज में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी ने फिर से कब्जा जमाया है। प्रीति स्यूनरी ने प्रतिद्वंदी प्रत्याशी एनएसयूआई की आस्था तेजवानी को 286 वोटों से हराया। महिला कॉलेज में एबीवीपी के पूरे पैनल ने जीत दर्ज की है। महिला डिग्री कॉलेज में मंगलवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान प्रक्रिया चली। 1570 में से महज 446 छात्राओं ने ही मतदान किया। दोपहर को मतगणना के बाद परिणाम जारी किया गया। अध्यक्ष पद पर एबीवीपी की प्रीति स्यूनरी को 363 और एनएसयूआई की आस्था तेजवानी को 77 वोट मिले। सचिव पद पर एबीवीपी की निकिता ने एनएसयूआई की मानसी प्रकाश को 292 वोट, संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी की सौम्या गड़िया ने एनएसयूआई की टीना कांडपाल को 302 वोट, कोषाध्यक्ष पद पर एबीवीपी की हर्षिता गुरुरानी ने एनएसयूआई की शैल खनायत को 276 और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर एबीवीपी की ही साक्षी टम्टा ने एनएसयूआई की हिमानी धामी पर 214 वोट से जीत दर्ज की। इसके अलावा सांस्कृतिक सचिव पद पर गीतांजलि बेलवाल ने ज्योति पडियार, कला संकाय प्रतिनिधि पद पर वैष्णवी ने नीलम और वाणिज्य संकाय प्रतिनिधि पद पर हिमानी गोस्वामी ने सोनाली उप्रेती को पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर एबीवीपी की मानसी व विज्ञान संकाय प्रतिनिधि पद पर पूजा पाठक निर्विरोध निर्वाचित हुईं।

## टनकपुर पावर स्टेशन में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का समापन




चम्पावत। बनबसा- टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी में मंगलवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ ' टनकपुर पावर स्टेशन में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मनाए गए सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन के मौके पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ पावर स्टेशन प्रभारी डी. एस. राव द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रभारी पावर स्टेशन प्रमुख डीएस राव ने मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक कैप्टन मोहन चंद कमांडो को सम्मानित किया ' इस मौके पर प्रभारी पावर स्टेशन प्रमुख ने कहा कर्मचारियों व अधिकारियों से समाज में व्याप्त भ्रष्टाचारी रूपी राक्षस को जड़ से खत्म करने का संकल्प लें और अपने आस-पास हो रहे भ्रष्टाचार पर मौन न रहें। पावर स्टेशन द्वारा जागरूकता सतर्कता सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पावर स्टेशन के अधिकारियों कर्मचारियों और केंद्र विद्यालय नंबर दो एनएचपीसी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया ' पावर स्टेशन के अधिकारियों कर्मचारियों के लिए हुई निबंध प्रतियोगिता में ए एन उप्रेती प्रथम, अनिल कुमार सिंह द्वितीय, आलोक पाठक ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया '

# अल्मोड़ा नगर में निर्माणाधीन पार्किंग स्थलों का विधायक ने किया निरीक्षण

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा नगर में रानीखेत सी.एंड.डी.एस. विभाग द्वारा निर्माणाधीन वाहन पार्किंग स्थलों के निरीक्षण पर विधायक मनोज तिवारी ने विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि पार्किंग स्थलों के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान विभाग दें तथा समयावधि पर कार्यों को पूरा करे, ताकि जनता को इसका लाभ शीघ्र मिल सके। अल्मोड़ा विधायक द्वारा जीआईसी अल्मोड़ा के निकट पार्किंग, के.एम.ओ.यू. लि. माल रोड के पास पार्किंग स्थल तथा जी.जी.आई.सी. अल्मोड़ा के निकट, शैः भैरव मन्दिर के निकट पार्किंग स्थलों तथा विश्वनाथ शमशान घाट के निर्माणाधीन शवदाहगृह का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा विभागीय अधिकारियों से प्रगति एवं गुणवत्ता को लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जी.आई.सी. एवं शैः भैरव मन्दिर के निकट निर्माणाधीन पार्किंग में रोड लेबल के फ्लोर में कार पार्किंग सुनिश्चित करने हेतु विभाग को निर्देश दिए एवं भैरव मन्दिर वाली पर्किंग के फ्लोरों में रूक रहे पानी की निकासी एवं रैम्पों



के ढाल को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए जिससे भविष्य में कोई दुर्घटना न हो। निरीक्षण में विधायक तिवारी के साथ नगरपालिका परिषद अल्मोड़ा के अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र चन्द्र जोशी, प्रोजेक्ट मैनेजर सी.एन.डी.एस. हरीश आर्य तथा कनिष्ठ अभियन्ता सुनील कबडवाल, वरिष्ठ अभियन्ता प्रीतम सिंह आदि उपस्थित थे।

# द्वाराहाट महाविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी का कब्ज़ा



अल्मोड़ा। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट के छात्रसंघ चुनाव में सभी पदों पर एबीवीपी के पदाधिकारियों ने जीत दर्ज की है। मंगलवार को हुए मतदान में 802 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 343 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। इनमें 11 मत निरस्त हुए। अध्यक्ष पद में विद्यार्थी परिषद की नेहा भट्ट ने अपनी प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी कोमल बिष्ट को 48 मतों से हराकर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। नेहा भट्ट को 90 व कोमल को 142 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर मोहित आर्या ने रोहित सिंह अधिकारी को 18 मतों से हराया। सचिव पद पर संजीव आर्या को 184 व करन अधिकारी को 145 वोट मिले। संजीव को 39 वोटों से जीत मिली। छात्रा उपाध्यक्ष में गुंजन जोशी विजयी हुईं। उपसचिव पद पर नमन पटवाल ने 38 वोटों से मोहित सिंह को मात दी। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को 22 वोटों से पराजित किया। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर दीपांशु लोहानी व संकाय प्रतिनिधि पर दीपांशु बिष्ट निर्विरोध निर्वाचित हुए। प्राचार्य प्रो. धन सिंह कुंवर ने सभी विजयी प्रत्याशियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। विजयी प्रत्याशियों ने मुख्य बाजार तक जुलूस निकाला। पूर्व विधायक महेश नेगी, जिला महामंत्री विनोद भट्ट आदि ने शुभकामनाएं दीं।

## अल्मोड़ा परिसर में निर्दलीय प्रत्याशी राहुल बने अध्यक्ष, अक्षत बने सचिव

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना परिसर में छात्र संघ चुनाव संपन्न हो गए। मंगलवार को हुए छात्र संघ चुनाव में 1967 छात्रों ने मताधिकार का प्रयोग किया। यह परिसर में पंजीकृत छात्रों का 53 फीसद है। छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर राहुल धामी ने और सचिव पद पर अक्षत जोशी विजयी रहे। एसएसजे परिसर अल्मोड़ा में राज्य बनने के बाद पहली बार अध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। चुनाव में एनएसयूआई दूसरे और एबीवीपी तीसरे स्थान पर रही।

अध्यक्ष पद के निर्दलीय प्रत्याशी राहुल धामी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी एनएसयूआई के हर्षित दुर्गापाल को 247 वोटों के अंतर से करारी हार दी है। तीसरे स्थान पर रहे एबीवीपी प्रत्याशी नीरज बिष्ट को 532 मत हासिल हुए। यहां पहली बार एबीवीपी तीसरे स्थान पर रही। छात्र उपाध्यक्ष पद पर युवम बोहरा ने अपने प्रतिद्वंदी त्रिभुवन सिंह मेहर को 491 मतों से हराया। उन्होंने सबसे अधिक अंतर से जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष छात्रा में दीक्षा सुयाल ने प्राची भट्ट को कांटे की टक्कर में 77 वोटों से मात दी। सचिव पद पर अक्षत जोशी ने 1019 मत प्राप्त कर गिरीश चन्द्र पांडे को 146 के अंतर से हराया। संयुक्त सचिव पर गौरव सिंह सतवाल ने 315 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। संयुक्त सचिव पर गौरव सिंह सतवाल को 1015 मत तथा प्रतिद्वंदी कुणाल वाल्मीकि को 700 मत मिले। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर हिमांशु रावत ने 206 मतों से मेघा कुमारी को हराया।

सांस्कृतिक सचिव में किरन विश्वकर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुई जबकि विश्वविद्यालय प्रतिनिधि में वरुण कपकोटी ने 1182 और पंकज गुरूरानी ने 669 वोट प्राप्त किए। इसके अलावा दृश्य संकाय प्रतिनिधि, कला संकाय प्रतिनिधि, सांस्कृतिक सचिव, विज्ञान संज्ञान व शिक्षा संकाय प्रतिनिधि के पदों के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। देर शाम चुनाव अधिकारी प्रो शेखर चंद्र जोशी ने नव निर्वाचित छात्रसंघ को शपथ दिलाई। इस मौके पर परिसर निदेशक प्रो प्रवीण सिंह बिष्ट, पूर्व कुलपति प्रो जगत सिंह बिष्ट, प्रो सुशील जोशी आदि मौजूद रहे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो शेखर चंद्र जोशी और निदेशक प्रो प्रवीण सिंह बिष्ट ने शपथ की कार्यवाही को संचालित किया।

# लंबित राजस्व वादों का निस्तारण और बड़े बकायदारों से वसूली की कार्यवाही तेज करने को कहा



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय सभागार में आहुत राजस्व विभाग मासिक बैठक में तहसील धुमाकोट के राजस्व उप-निरीक्षक बूंगी ज्योति मोहन द्वारा ग्राम खड़िला, पट्टी बूंगी के लखनदास पुत्र चेतनदास की गुमशुदगी सम्बन्धी जून 2023 के केस को पुलिस विभाग को ट्रांसफर नहीं करने पर निलंबित करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को लंबित राजस्व वादों का निस्तारण समय पर निस्तारण करने व बड़े बकायदारों पर वसूली की कार्यवाही तेजी से करने को कहा। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये।मासिक बैठक में सब रजिस्ट्रॉर राज उनियाल द्वारा बैठक में प्रस्तुत अद्यतन आंकडें व पिछली बैठक में प्रस्तुत किये गये आंकडों में आये अंतर का जवाब नहीं दे सके। आंकडों में विरोधाभास के चलते जिलाधिकारी ने सब रजिस्ट्रॉर को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये हैं। नगर आयुक्त कोटद्वार की शहरी आवास के कार्यों में धीमी गति पर जिलाधिकारी ने वेतन रोकने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने मासिक बैठक में राजस्व विभाग, पुलिस व आरटीओ को शराब पीकर वाहन चलाने पर नियमित चैकिंग अभियान चलाने के साथ ही कच्ची शराब की बिक्री करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने त्यौहारी सीजन को देखते हुए मिठाईयों में मिलावट खोरियों को रोकने के लिए फूड सेफ्टी अधिकारी को भी सख्त निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने समस्त नगर निकायों के अधिकारियों को शहर में प्रतिदिन हो रहे गीला व सूखे कूड़े का सही नापजोख कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये हैं। वहीं जिला कार्यालय की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुसुम तड़ियाल द्वारा पत्रावलियों को तैयार करने में लेट लतिफी व निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर जिलाधिकारी ने प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश दिये हैं। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर स्मृता परमार, सतपुली अबरार अहमद, कोटद्वार सोहन सिंह, चौबट्टाखाल नवाजिश खलीक, लैंसडाउन शालिनी मौर्य, यमकेश्वर अनिल चिन्याल, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, खनन अधिकारी रवि नेगी सहित अन्य अधिकारी व पटल सहायक उपस्थित थे।

# वाहन स्वामियों ने कंपनी के खिलाफ किया प्रदर्शन



कंपनी के खिलाफ धरना देते वाहन स्वामी

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : यातायात कंपनी जीएमओयू लि. के वाहन स्वामियों ने कंपनी अध्यक्ष पर उनके साथ तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। इस बात से आक्रोशित वाहन स्वामियों ने कंपनी परिसर में धरना प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान कंपनी अध्यक्ष वाहन स्वामियों के साथ तानाशाही रवैया अपना रहे हैं। उन्होंने कई वाहन स्वामियों के वाहनों को कंपनी के लिए अलाभप्रद मानते हुए कंपनी से बाहर कर दिया है। इस कारण उनके समक्ष भुखमरी की नौबत आ गई है। मौके पर कंपनी से बाहर किए गए वाहनों को पूर्व की भांति कंपनी में लेने, कंपनी के वित्तीय अभिलेखों की जांच करने, कंपनी के नए भवन निर्माण व प्रीमियम पर दी गई दुकानों में अनियमितता पर कार्रवाई करने, जनरल मैनेजर की नियुक्त निरस्त करने और वाहन स्वामियों को नोटिस देकर उनमें भय पैदा करने वाले कार्यों पर रोक लगाने की मांग की कई। चेतावनी दी गई कि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय न होने की स्थिति में वे भूख हड़ताल व चक्का जाम करने पर बाध्य होंगे। धरना प्रदर्शन में दुर्गा प्रसाद, दीपक सिंह, मनोज नैनवाल, पूरण सिंह भंडारी, वीर सिंह राणा, हीरामणी, दीपक सिंह रावत, दुर्गा प्रसाद, ताजबर सिंह और सत्यांनद सहित अन्य वाहन स्वामी मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में नैनीताल बना ओवर ऑल चैंपियन



महापौर श्रीमती हेमलता नेगी खिलाड़ियों से परिचय लेते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राज्य स्तरीय विद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता 2023-24 शशिधर भट्ट राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम कोटद्वार में सम्पन्न हो गई है। प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैंपियन नैनीताल, ओवर ऑल में द्वितीय स्थान देहरादून और तृतीय स्थान पौड़ी ने प्राप्त किया। मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती हेमलता नेगी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

मंगलवार को समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती हेमलता नेगी ने किया।

अंडर-19 में बालिका वर्ग में देहरादून ने प्रथम स्थान, नैनीताल ने द्वितीय स्थान, 19- बालक वर्ग में नैनीताल ने प्रथम स्थान, देहरादून ने द्वितीय स्थान, उधम सिंह नगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, अंडर-17 बालक वर्ग में नैनीताल ने प्रथम स्थान, बागेश्वर ने द्वितीय स्थान, देहरादून ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका प्रभाकर रावत, मनोज नेगी, विपुल कुमार, प्रकाश आर्य, हरि गोविंद पाठक, एसडीएस रावत ने निभाई। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अयाजउद्दीन, आयोजन सचिव रविंद्र सिंह रावत, श्रीमती सुषमा दास, लखपत राज कुकसाल, श्रीमती सुनीता मधवाल, श्रीमती पुष्पा धस्माना, महावीर सिंह बिष्ट, मुकेश रावत, आर्य कन्या की प्रधानाचार्य श्रीमती रेणु नेगी, प्रधानाचार्य विजेंद्र सिंह नेगी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजेश रावत, गोपाल जसोला, भारत सिंह नेगी, श्रीमती अनीता, रज्जू फुलवरिया, उमाकांत कुकरेती, सुनील रावत, हंस फाउंडेशन के दिनेश रावत, जिला मंत्री विजेंद्र सिंह रावत, पूर्व मंत्री मनमोहन सिंह चौहान, बृजमोहन भंडारी, महेश कुकरेती, नीरज पटवाल, सुरेश सिंह, हरीश कंडवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरदीप गुसाईं, धीरेन्द्र सिंह रावत ने संयुक्त रूप से किया।

# खेलों से होता है शारीरिक व मानसिक विकास



एसजीआरआर लालपानी में वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जुझते हुए खिलाड़ी।

## एसजीआरआर लालपानी में शरद कालीन खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : सनेह क्षेत्र के अन्तर्गत श्री गुरू राम राय पब्लिक लालपानी में शरद कालीन खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य श्रीमती अनुपमा शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। पढ़ाई एवं खेल खेलते समय लक्ष्य निर्धारण व एकाग्रता का होना अत्यंत आवश्यक है। लक्ष्य निश्चित हो तो सफलता भी निश्चित है। खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भाग जरूर लेना चाहिए। आज खेल क्षेत्र में भी रोजगार के सुनहरे अवसर हैं। कहा कि छात्र-छात्राएं लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़े।

मंगलवार को खेलकूद प्रतियोगिताओं का प्रधानाचार्य श्रीमती अनुपमा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य ने परेड की सलामी ली। इस दौरान मशाल भी जलाई गई। इस मौके पर बालक-बालिका सीनियर, जूनियर वर्ग में 100 मीटर दौड़, वॉलीबॉल और बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर श्रीमती ममता कैंथोला, मंजू गुसाईं, कल्पना रावत, राकेश नेगी, राजेश अंथवाल, नीरज कुकरेती, कविता जजेडी, मीना थलेडी, ज्योति केड़ियाल, पूनम तिवारी, इंदु ध्यानी, मालती पोखरियाल, मीनाक्षी थपलियाल, गीता रावत, तुषार गुसाईं सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर वरिष्ठ नागरिक व वीरांगनाओं को किया सम्मानित



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बंगाल इंजीनियर ग्रुप समिति की ओर से बंगाल इंजीनियर ग्रुप का 221वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। ग्रुप से जुड़े सदस्यों ने सामाजिक क्षेत्र में अपना योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों के साथ ही वीरांगनाओं को भी सम्मानित किया।

देवी रोड स्थित एक बारातघर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ हंस फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी पद्मेंद्र सिंह बिष्ट व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी लैंसडौन कर्नल (सेनि.) ओमप्रकाश फर्स्वाण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय सुखरो के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। वक्ताओं ने कहा कि देश की रक्षा में बंगाल इंजीनियर ग्रुप एक महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। देश की रक्षा में दिए गए सैनिकों के योगदान को भी कभी भूला नहीं जा सकता। बंगाल इंजीनियर ग्रुप समिति के अध्यक्ष दिवाकर लखेड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में सम्मानित होने वालो में वीरांगनाओं के साथ ही वरिष्ठ नागरिक सीताराम भारद्वाज, बीएन खंतवाल, सोहन लाल डोबरियाल, चंद्रमोहन उनियाल, मथुरा प्रसाद आदि शामिल थे। इस मौके पर गजेंद्र मोहन धस्माना, महिपाल सिंह, रामेश्वर सिंह नेगी, रमेश पुंडीर आदि मौजूद रहे।

# सतपुली महाविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एनएसयूआई का कब्जा



जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : राजकीय महाविद्यालय सतपुली में छात्रसंघ चुनाव को लेकर सुबह से छात्र-छात्राओं में उत्साह रहा। छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष पदों पर एनएसयूआई ने जीत हासिल की। इसके साथ अन्य पदों पर भी एनएसयूआई प्रत्याशी एक-एक नामांकन होने की वजह से निर्विरोध निर्वाचित हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इसके बाद विजेता प्रत्याशियों ने विजय जुलूस निकाला। मुख्य चुनाव अधिकारी विपिन चंद्र ने बताया कि छात्र संघ चुनाव में 246 में से 189 मत पड़े । जिसमें अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के निखिल ध्यानी को 104 और एबीवीपी की प्रिया ध्यानी को 73 मत मिले। वहीं महासचिव पद पर एनएसयूआई के अभिषेक को 104 और एबीवीपी की प्रत्याशी साक्षी को 66 मत मिले। कोषाध्यक्ष पर एनएसयूआई की सुहानी 98 और एबीवीपी के प्रियांशु नेगी को 71 वोट मिले। एनएसयूआई के करन पोखरियाल, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, साक्षी डबराल, सहसचिव व प्रतिमा उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### जयहरीखाल महाविद्यालय में प्रफुल्ल बनें अध्यक्ष

कोटद्वार : भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रफुल्ल नेगी, उपाध्यक्ष पद पर तनीषा, सचिव पद पर सुमिरन, सहसचिव पद पर स्वपन रावत, कोषाध्यक्ष पद पर आयुष रौतेला, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर कुमकम रावत ने विजयी रहे।

## सम्पादकीय

# शिक्षा और स्वास्थ्य बने सुदृढ़

आम व्यक्ति के जीवन से जुड़ा शिक्षा और स्वास्थ्य का मुद्दा सबसे महत्वपूर्ण है। जनता अपनी चुनी हुई सरकार से यह उम्मीद करती है कि उक्त दोनों क्षेत्रों में ऐसी सुविधाएं सरकार उपलब्ध कराएं जोया तो सस्ती हो या फिर निशुल्क व्यवस्था के तहत आती हो। शिक्षा एवं स्वास्थ्य हर नागरिक से सीधा जुड़ा हुआ एक विषय है लेकिन वर्तमान दौर शिक्षा और स्वास्थ्य की दृष्टि से कमाई का एक सबसे बड़ा साधन बन गया है। हालांकि सरकार ने आम आदमी की इस समस्या को समझते हुए आयुष्मान जैसी योजना शुरू की है लेकिन बावजूद इसके पिछले कुछ वर्षों में जिस प्रकार से स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में निजी संस्थाओं ने तरक्की और पैसा कमाया है उसे स्तर पर सरकारी व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं उतर पाई। दिक्कत यह है कि सरकारी शिक्षा हो या फिर सरकारी स्वास्थ्य सेवा, खुद सरकारी सेवा से जुड़े लोग इसका लाभ नहीं उठाते और सरकार भी निजी स्वास्थ्य केंटो पर उपचार करने के बदले कर्मचारियों को धनराशि का भुगतान करती है। केंद्र से लेकर राज्य सरकार है अपने नागरिकों के लिए स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी योजनाएं लागू तो करती है लेकिन इन योजनाओं की गुणवत्ता बेहद निम्न दर्जे की साबित हुई है जिस कारण आम जनता का रुझान कैश पेमेंट की ओर जाने के लिए विवश करता है। उत्तराखंड में भी शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर हमेशा से ही सरकार कटघरे में खड़ी होती आई है और यहां की जनता इन दोनों ही क्षेत्रों में बेहतर सुविधाओं की मांग करती आई है। उत्तराखंड में प्राथमिक शिक्षा बेहद बुरे दौर से गुजर रही है। शिक्षा का स्तर इस लायक नहीं है कि वह निजी स्कूलों के समकक्ष छात्रों से तुलना कर सके। माध्यमिक स्तर पर जरूर सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने का थोड़ा प्रयास किया है लेकिन यदि शिक्षा की बुनियाद ही मजबूत नहीं होगी तो बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास कैसे होगा? वहीं स्वास्थ्य की दृष्टि से देखें तो कहने को तो उत्तराखंड में मेडिकल कॉलेज बनने के साथ–साथ जिला अस्पतालों को भी हाईटेक करने की कोशिश की गई है लेकिन इस क्षेत्र में भी सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े होते आ रहे हैं। आम व्यक्ति की सुविधा के लिए आयुष्मान योजना एक सराहनीय पहल है लेकिन सरकारी अस्पतालों में वह सुविधाएं ही नहीं है जो आयुष्मान कार्ड से ली जा सके, इसका लाभ सूचीबद्ध निजी अस्पताल उठाते हैं जिनके तमाम घोटाले आयुष्मान भुगतान को लेकर सामने आ चुके हैं। सरकार जब तक शिक्षा एवं स्वास्थ्य में एक समान नीति का अनुपालन नहीं करेगी तब तक यह व्यवस्था सुधरने वाली नहीं है। एक शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम तैयार होना चाहिए यही स्थिति स्वास्थ्य सेवाओं में भी दिखनी चाहिए जिसमें महंगे इलाज एवं लंबी प्रतीक्षा से मरीजों को छुटकारा मिले एवं समय पर उचित सहज सुलभ उपचार दिया जा सके। केंद्र हो या राज्य सरकार, तंत्र इस प्रकार की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में सक्षम है लेकिन यह तभी संभव होगा जब पूरे मनोयोग के साथ जनहित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को सरलता के साथ आम आदमी तक पहुंचाया जाए। इसके लिए सरकारी अस्पतालों की संख्या बढ़ाने के साथ–साथ स्पेशलिस्ट चिकित्सक व अन्य मेडिकल स्टाफ की नियुक्तियां जरूरी है। शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे गुणवत्तायुक्त विद्यालय केंद्रीय विद्यालयों की तर्ज पर गठन में लाएं जाए जिनमें शिक्षा का स्तर निजी स्कूलों की भांति छात्रों को मुहैया हो सके। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में करने से स्वास्थ्य सेवाएं सुधरने वाली नहीं है बल्कि इसके लिए जरूरी यह है कि हिंदी बोलने वाले निचले वर्ग के आम आदमी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए।

# मिलावटी मिठाइयां
## कहीं रंग में भंग न कर दें



**सुशील देव**

त्योहार कोई भी हो, मीठा न हो तो सब फीका रह जाता है। मगर इस मीठे की जगह जहर हो तो कल्पना कीजिए, क्या होगा? सब रंग–भंग हो जाएगा। इस दीपावली में कहीं ऐसा न हो कि आप जिन्हें उपहार में मिठाई दे रहे हैं, उनमें कुछ जहर जैसा तो नहीं?

जरा सोचिए, आखिर हम उनका मुंह मीठा करा रहे हैं, या फीका। जी हां, हम अपने शहर की मिठाइयों की ही बात कर रहे हैं। दिल्ली ही नहीं, बल्कि देश भर से ऐसी मिठाइयों की शिकायतें मिलती रहती हैं। इसलिए, यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि त्यौहारों में नकली मिठाइयों की यहां भरमार है। हमें इनसे हमेशा सतर्कता बरतनी चाहिए। हम इन मिठाइयों से कैसे बचें, इनकी शुद्धता कैसे सुनिश्चित हो, इस पर सजगता दिखाने की जरूरत है।

नकली खोवा–मावे की मिठाई की बात आपने खूब सुनी होगी। प्रशासन ने भी मिलावटी मिठाइयों की खूब धर–पकड़ की है। कई मामले दर्ज हुए। कोर्ट में सुनवाई हुई। लगातार कुछ सजा भी हुई हैं, लेकिन ऐसी कोई सजा अब तक नजीर नहीं बन सकी जो मिलावटखोरों के दिलों में खौफ पैदा कर सके। खेदजनक है कि हम लोग ऐसे मिलावटों के प्रति बिल्कुल बेखबर हैं, उदासीन हैं।

मूकदशर्क बनकर हम इनके शिकार बनते जा रहे हैं। सनद रहे कि नकली या मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने पर सख्त सजा का प्रावधान है। दोषी पाए जाने पर आरोपी को 6 माह से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है।

पीएफए अधिनियम की धारा 7/16 के मुताबिक मिलावट करने पर अधिकतम 3 साल की सजा होती है। धारा 57 के तहत तो 10 लाख रुपये के जुर्माने का भी प्रावधान है।

दिल्ली–एनसीआर में रोजाना आने वाली हजारों टन खोवे और मेवे की खेप से सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि इसके लिए आखिर, दूध की उपलब्धता कैसे संभव हो पाती है? होली, दशहरा, दीपावली और छठ के समय दिल्ली–एनसीआर की गली–गली में दूध से तैयार मिठाइयां बिकती हैं।

खरीददार इन्हें शौक से खरीद कर त्यौहार सेलिब्रेट करते हैं परंतु उन्हें नहीं पता होता कि सेलिब्रेशन के मीठेपन में कौन सा हानिकारक तत्व उनके जीवन को धीरे–धीरे नष्ट कर रहा है। हार्ट, शुगर या बीपी वाले मरीजों के लिए तो यह बहुत ही खतरनाक है। साधारण समझ की बात यह है कि इस समय दिल्ली की आबादी करीब 3 करोड़ है, जिसमें करीब एक करोड़ से अधिक आबादी परिवार के साथ अपने मकान में रहती है। हर परिवार को रोजाना एक से डेढ़ लीटर दूध की जरूरत होती है। चाय की दुकान, मिठाई की दुकान, शादी–विवाह या अन्य समारोहों के लिए भी किसी न किसी रूप में दूध की जरूरत होती है।

आखिर, इतना दूध कहां से आता है? दूध की खपत तब और बढ़ जाती है, जब त्योहारों का सीजन आता है। जरा सोचिए, दूध की आपूर्ति इसके बावजूद कम नहीं होती। निश्चित रूप से दिल्ली एनसीआर में दूध का काला कारोबार चलता है। दिल्ली से सटे सीमावर्ती राज्यों के कुछ इलाकों से नकली खोवा और मावा बनने का कई बार भंडाफोड़ हो चुका है।

कई लोग पकड़े जा चुके हैं, और अदालतों में इस गंभीर अपराध के लिए दोषियों को दंड भी मिला है लेकिन मिलावटखोरी से समाज को निजात मिलना आज भी चुनौती है।

कई बार ऐसी फैक्ट्री या सरगना का पर्दाफाश भी हुआ है, मगर मिलावटी या नकली दूध के साम्राज्य पर कोई असर नहीं पड़ा। दूध समाज के हर वर्ग की जरूरत है लेकिन मिलावटखोर हमें कृत्रिम दूध पिलाकर तरह–तरह की बीमारियों के घेरे में ला देता है।

यूरिया, डिटर्जेंट, शैंपू, चीनी और सोडियम बाई कार्बोनेट के प्रयोग से जहां दूध जहरीला बनता है वहीं डेयरी मालिकों द्वारा पशुओं को प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन का इंजेक्शन लगाकर निकाला गया दूध हमें बीमार करता चला जाता है। पशुओं के साथ इस तरह का व्यवहार जुल्म है। सरकार और प्रशासन को इस कृत्य की जड़ में जाना चाहिए। सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए लेकिन सरकार या प्रशासन के ढुलमुल रवैये के कारण त्यौहारों में मिलावटी मिठाइयां धड़ल्ले से बिकती हैं। विभागीय अधिकारी जांच के नाम खानापूर्ति करते नजर आते हैं।

कई बार मिलावटी मिठाइयों की बात करना भी फिजूल लगता है क्योंकि उपभोक्ता, सरकार और प्रशासन को फिक्रही नहीं है, या कहें कि इस अपराध के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई देती। सरकार की ओर से इस गोरखधंधे पर सख्त कारवाई नहीं होती।

मामला लंबा खिंचता है। कोर्ट–कचहरी का चक्कर लगा रहता है। आरपार के फैसले जल्द नहीं हो पाते। इससे भी अपराधियों का मनोबल बढ़ता चला जाता है। इसमें संलिप्त व्यक्तियों को कानून का खौफ नहीं है। एक मामले में तो मिलावटी दूध के आरोपी को 42 वर्ष पुराने मामले में तब सजा हुई, जब वह खुद 90 साल का वयोवृद्ध हो गया। उसी प्रकार मुजफ्फरनगर की अदालत ने 32 साल बाद मिलावट करने वाले एक शख्स को 6 महीने की सजा दिलाई।

# सडकों पर जारी मौतें



साल 2022 में भारत में सड़क हादसों में एक लाख 68 हजार लोग मारे गए। कुल चार लाख 61 हजार हादसे हुए, जिनमें बड़ी संख्या में लोग जख्मी और विकलांग भी हुए। घायलों की संख्या 4.43 लाख रही।

भारत में जानलेवा परिवहन की चर्चा अक्सर होती है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकलता। शायद इसलिए कि समाधान निकालना किसी की प्राथमिकता में नहीं है। यह एक तरह से सड़कों पर रोजमर्रा के स्तर पर घटने वाली त्रासदियों के प्रति हमारी सामूहिक बेरहमी का संकेत है। इस त्रासदी का दायरा कितना बड़ा है, यह एक बार फिर सामने आए आधिकारिक आंकड़ों से जाहिर हुआ है। केंद्रीय सड़क यातायात मंत्रालय ने सड़क हादसों के बारे में अपनी रिपोर्ट जारी की है। इस सालाना रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में देश में सड़क हादसों में एक लाख 68 हजार लोग मारे गए। कुल हादसे चार लाख 61 हजार हुए, जिनमें बड़ी संख्या में लोग जख्मी और विकलांग भी हुए। घायलों की संख्या 4.43 लाख रही। मरने वालों में से 71.2 प्रतिशत लोग तेज गति से वाहन चलाने की वजह से हुए हादसों का शिकार बने। सबसे ज्यादा हादसों के शिकार दोपहिया वाहन चलाने वाले हुए। यह भी इस घटनाक्रम का एक पहलू है। दोपहिया वाहन अक्सर निम्न मध्य वर्ग परिवारों के परिवहन का जरिया होते हैं। नीति निर्माण से लेकर मीडिया की चर्चा और आम संवेदनाओं की प्राथमिकता में गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवार अक्सर काफी नीचे आते हैं। एक और तथ्य गौरतलब हैः 47.7 प्रतिशत हादसे और 55.1 प्रतिशत मौतें खुले इलाकों में हुईं– यानी उन क्षेत्रों में जहां मानव गतिविधि ज्यादा नहीं थी। मतलब यह कि हादसों के पीछे लापरवाही एक बड़ा कारण बनी हुई है। पिछले लगभग दो दशक इस बात को चर्चा में लाया गया कि अगर लोगों को दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों की मदद के लिए प्रोत्साहित किया जाए, तो बहुत–सी जानें बच सकती हैं। विधि आयोग की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि सड़क हादसों में मारे गए लोगों को अगर समय से अस्पताल पहुंचा दिया जाए, तो उनमें से 50 प्रतिशत की जान बचाई जा सकती है। इसे संभव बनाने के उद्देश्य से 2020 में केंद्र सरकार ने नए नियम भी बनाए। लेकिन इस दिशा में वास्तव में कोई प्रगति हुई है, इसका संकेत नहीं है। कुल मिलाकर दुखद स्थिति यह है कि हमारी सड़कों का जानलेवा रूप बदल नहीं रहा है।

# पूर्णमासी के चंद्रमा की पूजा करते हैं, तो अमावस्या भी याद रखनी पड़ती है: नड्डा




**बड़वाह, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राज्य के पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन को अमावस्या के दिनों की उपमा देते हुए आज कहा कि अगर पूर्णमासी की पूजा करते हैं तो अमावस्या को भी याद रखना पड़ता है। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के बड़वाह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि नौजवानों को कांग्रेस शासन के बारे में जानना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हम पूर्णमासी के चांद की पूजा करते हैं, तो अमावस्या को भी याद रखना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि उजाले की पूजा करने के साथ-साथ अंधकार की त्रासदी को भी याद रखना पड़ता है। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष पहले मध्य प्रदेश बीमारु राज्य था। इसके समेत उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार के सूचकांक भी ठीक नहीं थे, लेकिन बीते दो दशक में भारतीय जनता पार्टी ने इसे अग्रणी राज्यों में शुमार कर दिया है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां कांग्रेस रहेगी, वहां भ्रष्टाचार, लूट, वंशवाद, परिवारवाद, अत्याचार, व्याभिचार व अनाचार रहेगा, वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के शासन में चहुमुखी विकास के अलावा युवाओं किसानों और महिलाओं को ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2013 के पहले पानी, हवा, पाताल, जमीन सभी लोकों में घोटाला किया। उन्होंने कहा कि कोयला, अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकाप्टर, पनडुब्बी, कॉमनवेल्थ, मनरेगा घोटाला लोग भूले नहीं हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि वह छोटा-मोटा घोटाला नहीं करती। मध्य प्रदेश में कर्ज माफी के नाम पर 11 लाख 97 हजार किसानों को डिफाल्टर करना, 4100 करोड़ रुपए का इरिगेशन काम्प्लेक्स घोटाला, 877 करोड़ का सिंचाई घोटाला, 281 करोड़ का वेयरहाउस खरीदी घोटाला, रेत व छात्रवृत्ति घोटाला सभी के सामने है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके परिवार को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कमलनाथ के पूर्व ओएसडी के घर से सैकड़ो करोड़ रु जब्त हुए। कमलनाथ के भतीजे ने 2019 में एक हजार 350 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी की। इसके अलावा कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी ने अगस्ता वेस्टलैंड के 7600 करोड़ रुपए के घोटाले में 780 करोड़ का घोटाला किया। उन्होंने कहा कि बीते 9 साल में भारत पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले कार्यकाल में 2027 में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

उन्होंने कहा भारत दुनिया को बेहद अच्छी क्वालिटी की 90 हजार करोड रुपए की दवाई बेच रहा है। इसी तरह पेट्रोकेमिकल, इस्पात व ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी हम विश्व की ताकत हैं। उन्होंने कहा कि 80 करोड़ जनता को अनाज दिया जा रहा है। इसके अलावा मध्यप्रदेश में 47 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के घर निर्मित हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रति व्यक्ति आय 10 गुना बढ़ी है, और लाड़ली लक्ष्मी व लाड़ली बहना जैसी योजना से नारी सम्मान में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि विद्युत अधोसंरचना में वृद्धि से सिंचाई का रकबा बढ़ा है जिससे किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने विभिन्न नौकरियों व चुनाव में महिलाओं के आरक्षण बढ़ाए जाने का भी उल्लेख किया।

## बिहार में जातिवार गरीबी के आंकड़े जारी, 34.13 प्रतिशत परिवार 6 हजार रुपए में कर रहे गुजारा

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार ने मंगलवार को विधानमंडल के दोनों सदनों में जाति आधारित गणना की पूरी रिपोर्ट पेश कर दी, जिसमें सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़े भी शामिल हैं। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने जाति आधारित गणना की पूरी रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा । रिपोर्ट के अनुसार, बिहार की एक तिहाई से ज्यादा आबादी गरीब है। करीब 34.13 प्रतिशत परिवारों की मासिक आमदनी मात्र छह हजार रुपए और छह हजार से 10 हजार रुपए प्रति महीना वाले परिवारों की संख्या 29.61 प्रतिशत बताई गई है। यानी राज्य में 10 हजार रुपए प्रति महीना तक की आदमनी वाले परिवारों की संख्या 63 फीसदी से ज्यादा है। इसी तरह 10 हजार से ज्यादा लेकिन 20 हजार प्रति माह से कम आमदनी वाले परिवारों की संख्या 18.06 प्रतिशत है। 20 हजार से 50 हजार मासिक आमदनी वाले परिवार 9.83 प्रतिशत हैं । वहीं, पचास हजार से ज्यादा कमाने वाले परिवारों का प्रतिशत मात्र 3.90 है। सर्वे के मुताबिक राज्य के 4.47 प्रतिशत परिवारों ने अपनी आय की जानकारी नहीं दी ।

## सांसद प्रतिभा ने जोगिन्दर नगर विस क्षेत्र में विकास कार्यो को 9 लाख रुपये किए जारी

**मंडी ,एजेंसी ।** सांसद प्रतिभा सिंह ने जोगिन्दर नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिये 9 लाख रुपये की धनराशि जारी की है। उन्होंने इस संदर्भ में संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी को जल्द से जल्द इन कार्यों के निष्पादन करने के भी निर्देश दिये हैं ताकि इन विकास कार्यों को समयबद्ध पूर्ण कर लोगों को लाभान्वित किया जा सके। सांसद प्रतिभा सिंह ने 31 अक्तूबर को जोगिन्दर नगर विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास के दौरान विभिन्न विकास कार्यों के लिए धनराशि मुहैया करवाने की घोषणा की थी। उन्होंने महज तीन दिनों के भीतर ही सांसद निधि से 9 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी को कार्य निष्पादन के निर्देश जारी किये हैं, जिनमें लडभड़ोल के गांव गोरा बलोटू में पूर्व सैनिक सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख, ग्राम पंचायत खुड्डी के अंतर्गत गाहरा-गलू-भभौरी माता संपर्क सडक् के लिए 2 लाख रुपये, खुड्डी पंचायत के तहत ही छीड़-भयोटू संपर्क सडक् के निर्माण कार्य को एक लाख रुपये तथा ग्राम पंचायत त्रैम्बली के अंतर्गत डूघ-सुरगणी माता चलौटी संपर्क सडक् के निर्माण कार्य को एक लाख रूपये की धनराशि शामिल है।

## दीपावली पर जलाएं मिट्टी के दीये : विकास गरचा

**तलवाड़ा ,एजेंसी ।** दिवाली हर साल पूरे भारत में हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। अल्ट्रोक्स गोयल फर्नेस प्राइवेट लिमिटेड संसारपुर टैरेस के मालिक विकास गरचा वं इलाही ने कहा कि हिंदू धर्म के सबसे विशेष और महत्वपूर्ण त्योहारों में दिवाली का सबसे पहला स्थान माना जाता है।क्योंकि यह त्यौहार सभी के लिए ढेर सारी खुशियां और नई उमंगे लेकर आता है। उन्होंने लोगों को अपने कुछ सुझाव भी दिए।

## कार और ट्रैक्टर-ट्रेलर के बीच भीषण भिड़ंत, हॉलीवुड फिल्मों के दिग्गज स्टंटमैन और उनके तीन बच्चों की मौत

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी ।** हॉलीवुड फिल्मों के स्टंटमैन ताराजा रैमसेस की जॉर्जिया हाईवे पर एक कार दुर्घटना में मौत हो गई है। स्टंटमैन के साथ उनके तीनों बच्चे भी थे, जिनकी मौत हो गई है। ताराजा रैमसेस ने मार्वल फिल्मों ब्लैक पैंथर और एवेंजर्स में काम किया था। जब रैमसेस की कार एक ट्रैक्टर-ट्रेलर से टकरा गई। टीएमजेड के अनुसार, 41 वर्षीय रैमसेस, हैलोवीन की रात डेकाल्ब काउंटी में इंटरस्टेट पर एक पिकअप ट्रक में अपने पांच बच्चों के साथ गाड़ी चला रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ।

## 22 नवंबर को जी-20 बैठक की डिजिटल तरीके से मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सितंबर में नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के अंत में भारत ने घोषणा की थी कि वह अपनी अध्यक्षता की समाप्ति से पहले समूह के नेताओं की एक डिजिटल बैठक आयोजित करेगा।

भारत पहले ही डिजिटल शिखर सम्मेलन के लिए जी-200 के सदस्य देशों के नेताओं को निमंत्रण भेज चुका है। माना जा रहा है कि भारत समूह के लिए अपने विकास एजेंडे पर फोकस करेगा जिसमें वैश्विक दक्षिण या विकासशील देशों के सामने आने वाली चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। शिखर सम्मेलन के अंत में कोई साझा परिणाम दस्तावेज जारी नहीं होगा।राजनयिक सूत्रों ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और इस्राइल-हमास संघर्ष पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। हालांकि, भारत द्वारा डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, जलवायु वित्त और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्रों में पहल सहित अपने विकास एजेंडे पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है।

पिछले कुछ वर्षों में भारत वैश्विक दक्षिण या विकासशील देशों, खासतौर पर अफ्रीकी महाद्वीप की चिंताओं, चुनौतियों और आकांक्षाओं को उठाते हुए खुद को एक अग्रणी आवाज के रूप में स्थापित कर रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (आईआईसीसी) में जी-20 देशों के दूतों की मेजबानी की। आईआईसीसी को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर के रूप में भी जाना जाता है। इस दौरान उन्होंने समूह की भारत की अध्यक्षता के लिए जी-20 के सदस्य देशों को उनके पूरे दिल से समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, आज यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर मेंजी-20 सदस्यों, अतिथि देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के राजदूतों की मेजबानी करके प्रसन्नता हो रही है।

# मिजोरम में सीएम की सीट पर सबसे कम मतदान

## छत्तीसगढ़ में बघेल सरकार के मंत्रियों की सीट पर क्या हुआ?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को देश के दो राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। छत्तीसगढ़ में पहले चरण में 20 सीटों पर, जबकि मिजोरम में सभी 40 सीटों पर वोटिंग हुई। पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, छत्तीसगढ़ में जहां 71.11 प्रतिशत लोगों ने वोट पड़े, तो मिजोरम में 77.39 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसके साथ ही दोनों राज्यों में उतरे 397 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। अब 3 दिसंबर को पता चलेगा कि जनता ने किसे चुना।

पहले चरण में जिन 20 सीटों पर मतदान हुआ वहां पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, इस बार भानुप्रतापपुर सीट पर सबसे ज्यादा 79.1% मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद डोंगरगढ़ सीट पर 77.4% और डोंगरगांव सीट पर 76.8% वोटिंग हुई। सबसे कम मतदान बीजापुर सीट पर दर्ज किया गया। यहां 40.98% मतदान हुआ है।




इसके बाद कोंटा सीट पर 50.12% और दंतेवाड़ा सीट पर 62.55% वोटिंग हुई। इन सीटों पर 2018 में कुल 77.23% वोटिंग हुई थी। बीजापुर सीट पर 2018 में सबसे कम 48.9% मतदान हुआ था। वहीं, सबसे ज्यादा 85.43% मतदान डोंगरगांव विधानसभा सीट पर हुआ था। पूरे राज्य की बात करें तो 2018 में छत्तीसगढ़ में कुल 76.45% मतदाताओं ने वोट डाला था।

जिन सीटों पर आज चुनाव हुए उनमें कई चर्चित सीटें भी हैं। राजनांदगांव से पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता रमन सिंह मैदान में हैं। इस सीट पर 75.1% वोट डाले गए। 2018 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर 63.18 फीसदी मतदान हुआ था। यानी, पिछली बार के मुकाबले करीब 12 फीसदी ज्यादा वोटिंग यहां हुई। इसके अलावा छत्तीसगढ़ सरकार के चार मंत्रियों की सीटों पर भी आज वोटिंग हुई। कवासी लखमा कोंटा सीट से मैदान में हैं जहां महज 50.12% वोट डाले गए। मंत्री दीपक बैज चित्रकोट से चुनाव लड़ रहे हैं और यहां 70.36% वोटिंग हुई। कवर्धा से मोहम्मद अकबर मैदान में हैं जहां यहां 72.89% लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसी तरह पिछले चुनाव में डोंगरगांव में सबसे ज्यादा 85.43% वोट डाले गए थे। वहीं दूसरे नंबर पर खुज्जी में 84.76% और तीसरे नंबर पर खैरागढ़ में 84.51% वोटिंग हुई थी। इसी तरह दन्तेवाड़ा में सबसे कम 60.64% मतदान हुआ था। इसके बाद कोन्टा (रळ) सीट पर 55.3% और बीजापुर (रळ) सीट पर 48.9% वोट डाले गए थे। पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में मतदान खत्म हो चुका है। पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार राज्य में कुल 77.39% वोटिंग दर्ज की गई है। पिछली बार राज्य में कुल 80.03% वोटिंग दर्ज की गई थी।जिन सीटों पर आज चुनाव हुए उनमें एक चर्चित सीट आइजोल पूर्व-' है। यहां से मुख्यमंत्री जोरमथंगा मैदान में हैं। इस सीट पर 65.97% वोट डाले गए। 2018 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर 80.3 फीसदी मतदान हुआ था। पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, इस बार सेरछिप सीट पर सबसे ज्यादा 83.73% मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद तुइकुम सीट सीट पर 83.07% और सेर्लुइ सीट पर 83.03% मतदान हुआ। इस बार सबसे कम मतदान आइजोल पूर्व-' सीट पर दर्ज किया गया। यहां 65.97% मतदान हुआ है। इसके बाद आइजोल पूर्व-'' सीट पर 68.77% और आइजोल उत्तर-' सीट पर 70.51% मतदान हुआ। पिछले चुनाव में तुइकुम सीट पर सबसे ज्यादा 87.65% मतदान दर्ज किया गया था। इसके बाद लुंगलेई उत्तर सीट पर 87.5% और आइजोल दक्षिण-क्कक्र पर 87.28% मतदान हुआ था।

# 14 साल की लडकी ने इंग्लैंड में बढ़ाया देश का मान, पावरलिफ्टिंग में बनाया नया विश्व रिकॉर्ड




नई दिल्ली , दिल्ली की 14 वर्षीय लडकी ने हाल ही में यूके के मैनचेस्टर में आयोजित डब्ल्यूपीसी विश्व चैंपियनशिप में पावरलिफ्टिंग का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है।

दिल्ली के जीडी गोयनका स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा इशित कौर ने टीनएज कैटेगरी में 44 किलोग्राम भार वर्ग में 95 किलोग्राम डेडलिफ्ट खींचकर रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है।

वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग कांग्रेस (डब्ल्यूपीसी) विश्व चैंपियनशिप 31 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मैनचेस्टर में आयोजित की गई थी। इस आयोजन में भारत सहित कुल 20 देशों और लगभग 600 खिलाडियों (भारत से 10) ने भाग लिया था। इशित को उनके पिता दलजीत सिंह (45) ने प्रशिक्षित किया है, जो कई बार पावरलिफ्टिंग के विश्व चैंपियन भी रहे हैं। इशित ने कहा कि वह अपने पिता के मार्गदर्शन में प्रतिदिन एक घंटे प्रशिक्षण लेती है और अनुशासित आहार लेती है।

उनकी उपलब्धि ने न केवल उनके शिक्षकों और सहपाठियों को गौरवान्वित किया है, बल्कि एक बार फिर यह कहावत भी साबित कर दी है कि वजन और शक्ति प्रशिक्षण लड़कियों के लिए सुरक्षित नहीं हैं। पावरलिफ्टिंग में तीन मुख्य लिफ्टें होती हैं झ्र स्क्वाट, बेंचप्रेस और डेडलिफ्ट, जिसमें प्रतिभागियों को वजन उठाने के तीन प्रयास मिलते हैं। प्रत्येक लिफ्ट के अंतिम नंबरों का अनुपालन किया जाता है और सबसे भारी लिफ्ट दर्ज करने वाले को पहला स्थान मिलता है, जबकि दूसरे और तीसरे सबसे भारी लिफ्ट को क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान मिलता है।

# एंजेलो मैथ्यूज टाइम आउट पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बने



नई दिल्ली , श्रीलंका के ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप 2023 मैच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में ह्यटाइम आउटह्ल पर आउट होने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। यह क्रिकेट के 146 साल के इतिहास में पहली बार हुआ है कि किसी बल्लेबाज को इस तरह आउट होकर पवैलियन लौटना पड़ा।

एंजलो मैथ्यूज टाइम आउट हो गए हैं। वे क्रीज पर बॉल खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन पहनते समय उनके हेलमेट का स्ट्रेप टूट गया। ऐसे में उन्होंने दूसरा हेलमेट मंगाया और बॉल खेलने में देरी हो गई।

इस बीच शाकिब ने ह्यटाइम–आउटह्ल की अपील की। मैथ्यूज और बांग्लादेश टीम के साथ बातचीत के बाद ऑन–फील्ड अंपायरों ने श्रीलंकाई बल्लेबाज को ह्यटाइम आउटह्ल घोषित कर दिया। एमसीसी के नियमों के अनुसार बल्लेबाज को आखिरी विकेट गिरने के 3 मिनट के अंदर बॉल खेलने को तैयार होना पड़ता है। ऐसा नहीं होने पर फील्ड अंपायर अपील पर आउट दे सकता है।

# वानखेड़े में 21 साल के इब्राहिम जादरान का धमाका! बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड, सचिन–कोहली भी छूटे पीछे




नई दिल्ली। आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के 39वें मैच में अफगानिस्तान का सामना ऑस्ट्रेलिया से हो रहा है। इस मैच में पहल बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान टीम के स्टार ओपनर इब्राहिम जादरान ने तूफानी शतक जड़कर इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इब्राहिम ने 21 साल की उम्र में कंगारू टीम के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। अफगानिस्तान के लिए वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार किसी बल्लेबाज ने शतक जड़ा।इब्राहिम ने शतक जड़ने के साथ ही महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का रिकॉर्ड ध्वस्त किया।

दरअसल, वनडे विश्व कप 2023 के 39वें मैच में अफगानिस्तान के लिए विश्व कप में इब्राहिम जादरान पहला शतक जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं, टेस्ट क्रिकेट में उनसे पहले यह कारनामा रहमत शाह ने किया था, जिन्होंने साल 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट में शतक जमाया था। रहमत टेस्ट में अफगानिस्तान की तरफ से सेंचुरी जड़ने वाले पहले बल्लेबाज थे।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इब्राहिम जादरान ने 21 साल की उम्र में शतक जड़ा और वह ऐसा करने वाले विश्व कप के चौथे सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। 21 साल और 330 दिन की उम्र में इब्राहिम ने वनडे विश्व कप का शतक जमाया। इस मामले में उन्होंने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया।बता दें कि विराट कोहली ) ने 22 साल और 106 दिन की उम्र में बांग्लादेश के खिलाफ 2011 में शतक जमाया था।

# शुभमन गिल कौन–सी सारा को कर रहे हैं डेट? सामने आई सच्चाई, इंटरनेट पर पोस्ट ने लगाई आग




नई दिल्ली। भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी ही नहीं, बल्कि अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहते हैं।

फैंस हमेशा ही सारा तेंदुलकर के साथ शुभमन गिल का नाम जोड़ते हैं। हाल ही में एक मैच के दौरान शुभमन गिल और सारा तेंदुलकर को लेकर फैंस ने जमकर नारे भी लगाए थे और सोशल मीडिया पर कई ट्वीट्स किया था, लेकिन फैंस हमेशा स बात से कंफ्यूज रहते है कि गिल कौन–सी सारा को डेट कर रहे हैं, सारा तेंदुलकर या सारा अली खान। इस बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने चुप्पी तोड़ते हुए एक बड़ा खुलासा किया है।

दरअसल, करण जौहर के पॉपुलर शो 'कॉफी विद करण 8' के एक शो में सारा अली खान और अनन्या पांडे पहुंची थी। इस शो में करण सेलिब्रिटीज के निजी जीवन से जुड़े सवाल पूछते हैं और यह शो इसी वजह से चर्चा में बना रहता है।

करण ने सारा से पूछा कि क्या वह शुभमन गिल को डेट कर रही हैं? इस पर सारा ने जवाब किया कि दुनिया गलता सारा के पीछे पड़ी हैं। उन्होंने इशारों–इशारों में यह बता दिया कि वह शुभमन को डेट नहीं कर रही, बल्कि दूसरी सारा से जुड़ा मामला है।

बता दें कि शुभमन गिल वर्ल्ड कप 2023 में अभी तक एक भी शतक नहीं जड़ सके हैं। उन्होंने दो अर्धशतकीय जड़े है। गिल ने बांग्लादेश के खिलाप 53 रन की पारी खेली थी।

इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ 92 रन बनाए। वह शतक जड़ने से चूक गए थे। हालांकि, शुरुआती मुकाबलों में गिल डेंगू के चलते टीम से बाहर रहे थे।

# शाहिदी को क्लीन बोल्ड कर मिचेल स्टार्क ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



नई दिल्ली। वानखेड़े के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बना डाला है। अफगानिस्तान के खिलाफ खेलते हुए स्टार्क ने विपक्षी टीम के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी को क्लीन बोल्ड करते हुए वसीम अकरम और लसिथ मलिंगा को एकसाथ छोड़ दिया है। स्टार्क की रफ्तार भरी गेंद के आगे शाहिदी चारों खाने चित हुए।

स्टार्क के नाम जुड़ी बड़ी उपलब्धि

दरअसल, मिचेल स्टार्क वर्ल्ड कप में बल्लेबाजों को सबसे ज्यादा बार क्लीन बोल्ड करने वाले गेंदबाज बन गए हैं। स्टार्क ने विश्व कप में शाहिदी को क्लीन बोल्ड करते हुए अपना 26वां विकेट झटका। कंगारू फास्ट बॉलर ने इस मामले में वसीम अकरम और लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ दिया है। वसीम ने अपने वर्ल्ड कप में कुल 25 बैटर्स को क्लीन बोल्ड किया था। वहीं, मलिंगा ने 18 बल्लेबाजों को क्लीन बोल्ड करते हुए पवेलियन की राह दिखाई है।

**महंगे साबित हुए हैं स्टार्क**

अफगानिस्तान के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में मिचेल स्टार्क लय से भटके हुए नजर आए हैं। स्टार्क ने खबर लिखे जाने तक अब तक कुल 7 ओवर फेंके हैं और इस दौरान उन्होंने 45 रन खर्च करते हुए एक विकेट अपने नाम किया है। स्टार्क इस विश्व कप में अभी तक लय में दिखाई नहीं दिए हैं और उन्होंने सिर्फ 10 विकेट अपने नाम किए हैं।

## पेरिस मास्टर्स : जोकोविच ने दिमित्रोव को हराकर 40वां मास्टर्स 1000 खिताब जीता

पेरिस , दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को आसानी से हराकर पेरिस मास्टर्स में रिकॉर्ड सातवां एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीता।

जोकोविच ने 6–4, 6–3 से जीत हासिल की और रविवार को 40 मास्टर्स 1000 क्राउन जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार, इस जीत का मतलब है कि विश्व का नंबर 1 सर्बियाई खिलाड़ी अब 18 मैचों की जीत की लय के साथ सीजन के अंत में एटीपी फाइनल में अपनी जगह बनाएगा, जो विंबलडन फाइनल में कालीस अल्कराज से हार के बाद आई है।

जोकोविच ने कहा, यह सप्ताह मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा। हार के बाद वापसी करना आसान नहीं था।

पेरिस ट्रॉफी जीतकर जोकोविच ने एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में स्पैनियार्ड पर अपनी बढ़त 1490 अंक तक बढ़ा दी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com